बिहार सरकार
पर्यटन विभाग
प्रथम तल, बी0 ब्लॉक, एक्सटेंशन भवन, मुख्य सचिवालय, पटना।
Email- js. bihartourism@gmail.com, website: www.bihartourism.gov.in

Blissful Bihar
BIHAR TOURISM

संचिका संख्या०— पर्य०वि०प०(ता०)— 37 / 2023 2523 दिनांक 07-11-2023

प्रेषक,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना।

विषयः— प्रो० (डा०) वीरेन्द्र नाराण यादव, माननीय स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 205वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या— 1 / 205 / 111 को हस्तांतरित करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रो० (डा०) वीरेन्द्र नाराण यादव, माननीय स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 205वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न पश्चिम चम्पारण में अवस्थित सरैया मन (तालाब) के सौन्दर्यीकरण से संबंधित है। प्रश्नगत विषय पर जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण द्वारा प्रतिवेदित है कि यह तालाब पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा अधिसूचित उदयपुर पक्षी विहार में अवस्थित है। इस विषय का संबंध भवदीय के विभाग से है।

अतः उक्त प्रश्न के साथ जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन को संलग्न करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु हस्तांतरित किया जा रहा है। इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् को भी दी जा रही है।

सादर।

अनु०— यथोक्त।

विश्वासभाजन,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 2523 दिनांक 07-11-2023

प्रतिलिपि :— अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् को उक्त ऑनलाईन प्रश्न संख्या 1 / 205 / 111 के संदर्भ में / संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

समाहरणालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया
Collectorate: West Champaran, Bettiah
E-mail :- generalsectionbettiah@gmail.com http://westchamparan.nic.in

(जिला सामान्य शाखा)

पत्रांक 1617 / सा0,

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

सेवा में,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

बेतिया / दिनांक 06 / 11 / 2023

विषयः— **प्रो0 (डॉ0) वीरेन्द्र नारायण यादव, माननीय स0वि0प0 द्वारा बिहार विधान परिषद के 205 वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या 1/205/111 के उत्तर प्रतिवेदन का प्रेषण।**

प्रसंगः— विभागीय ज्ञापांक 37/2023 2487, दिनांक 02.11.2023।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र से प्राप्त प्रो0 (डॉ0) वीरेन्द्र नारायण यादव, माननीय स0वि0प0 द्वारा बिहार विधान परिषद के 205 वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या 1/205/111 का उत्तर प्रतिवेदन निम्न प्रकार हैः—

क्र0	प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क	क्या यह सही है कि बेतिया से मात्र 6 कि0मी0 की दूरी पर उदयपुर जंगल है,	स्वीकारात्मक। वस्तु स्थिति यह है कि उदयपुर पक्षी विहार के रूप में वन विभाग द्वारा अधिसूचित किया गया है।
ख	क्या यह सही है कि उदयपुर जंगल के नजदीक ही सरैया मन है,	अस्वीकारात्मक। सरैया मन उदयपुर पक्षी विहार में अवस्थित है।
ग	क्या यह सही है कि प्राकृतिक सौंदर्य एवं मछली उत्पादन की दृष्टि से यह मन (तालाब) राज्य के सर्वोत्तम तालाबों में है,	आंशिक रुप से स्वीकारात्मक। सरैया मन का प्राकृतिक सौंदर्य विख्यात है, परन्तु वन विभाग द्वारा मछली के उत्पादन/मारने पर रोक लगाया गया है।
घ	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मन (तालाब) को पर्यटन की दृष्टि से सुंदर एवं आकर्षक बनाने की योजना बनाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नही तो क्यों?	सरकार से संबंधित।

विश्वासभाजन,

06/11/23

जिला पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

Bihar Vidhan Parishad Question

1/205/111

तालाब का सौंदर्यीकरण

19/10/2023 29/10/2023

*1/205/111 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव(स्नातक सारण)

पर्यटन

(क) क्या यह सही है कि बेतिया से मात्र 6 कि.मी. की दूरी पर उदयपुर जंगल है;

(ख) क्या यह सही है कि उदयपुर जंगल के नजदीक में ही सरया मन है;

(ग) क्या यह सही है कि प्राकृतिक सौंदर्य एवं मछली उत्पादन की दृष्टि से यह मन (तालाब) राज्य के सर्वोत्तम तालाबों में है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मन (तालाब) को पर्यटन की दृष्टि से सुन्दर एवं आकर्षक बनाने की योजना बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?